प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रदेश की पांच और सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये–सीकर सीट सहयोगी दल माकपा के लिये छोडी।
- चुनाव आयोग ने चुनावी बांड के नम्बर सहित सभी डेटा सार्वजनिक किये।
- प्रदेश में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सभी लोकसभा क्षेत्रों में सीएपीएफ की 25 कंपनियां तैनात।
- प्रदेश के पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में सैलानियों की आवक बढ़ी।

....................

कांग्रेस ने प्रदेश की पांच और सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसके अलावा पार्टी ने एक सीट सीकर, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के लिए गठबंधन के तहत छोड दी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में कल इन नामों की घोषणा की गई। कांग्रेस की इस दूसरी सूची में जयपुर शहर से नए चेहरे सुनील शर्मा को मैदान में उतारा गया है। बाड़मेर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदाराम बेनीवाल को टिकट दिया है। वहीं श्रीगंगानगर से कुलदीप इंदौरा, झालावाड़–बारां से उर्मिला जैन भाया और पाली से संगीता बेनीवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पहले कांग्रेस ने पहली सूची में 10 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए थे। भारतीय जनता पार्टी भी एक या दो दिन में शेष प्रत्याशियों का एलान कर सकती है। इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल कोटा में कोटा, झालावाड और भीलवाडा क्लस्टर की कोर कमेटी और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में कोटा–बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला झालावाड–बारां से प्रत्याशी दुष्यंत सिंह, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी सहित राज्य सरकार के मंत्री और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

....................

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बांड के नम्बर सहित डेटा सार्वजनिक कर दिये है। इन नम्बरों से बॉण्ड्स के खरीदारों का, धन प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के साथ मिलान करने में सहायता मिल सकती है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने इनके बारे में विवरण प्रस्तुत किया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं की अलग–अलग सूचियां अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित की हैं।

....................

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कल जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में स्वीप टीम की ओर से एलईडी वॉल के जरिये जागरूकता संदेशों का प्रसारण किया गया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित गीत 'मैं भारत हूं' आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सी–विजिल, वीएचए, सक्षम और केवाईसी एप की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान के जरिये लोकतंत्र के इस महोत्सव में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। झालावाड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गागरोन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी छात्र छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को मतदान की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान रंगोली बनाई गई और छात्र–छात्राओं ने रैली निकाली।

....................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

..................

प्रदेश में लोकसभा चुनावों में स्वतंत्र, निष्पक्ष,भयमुक्त और पारदर्शी मतदान कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कानून और व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय पिछले दो महीनों से इसकी लगातार तैयारी कर रहा है। पिछली 7 मार्च को राजस्थान पुलिस को सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 25 कंपनी उपलब्ध कराई गई है। इन सभी कम्पनीज को सभी 25 लोकसभा क्षेत्र में तैनात कर दिया गया है। ये, सभी जिलों में स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च कर भयमुक्त मतदान का संदेश दे रहे है। श्री बंसल ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले संभावित असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन्हें पाबंद करवाया जा रहा है। प्रदेश के सभी पड़ौसी राज्यों से लगने वाली अंतरराज्यीय सीमा पर चैक पोस्ट बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लाइसेंस हथियार धारकों को अपने हथियार पुलिस थानों या डीलर के पास जमा कराने के लिए पाबंद किया गया है। इसके अंतर्गत करीब 75 प्रतिशत हथियार अब तक जमा किए जा चुके है।

..................

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने परामर्श जारी कर सोशल मीडिया पर समर्थनकर्ताओं और प्रभावशाली लोगों से, किसी भी रूप में ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म के विज्ञापन और प्रचार सामग्री दिखाने से परहेज करने को कहा है। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के वित्तीय और सामाजिक–आर्थिक प्रभावों को देखते हुए यह परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने आगाह किया है कि इस परामर्श का अनुपालन नहीं करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

..................

प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर इन दिनों बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पहुंच रहे है। होली के अवकाश और वीकेण्ड के चलते सैलानियों की प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भीड देखी जा रही हैं। जयपुर के जंतर–मतंर, अल्बर्ट हॉल, हवामहल, जल महल, आमेर किला और प्रमुख मंदिरों को देखने काफी संख्या में सैलानी पहुंच रहे है। उधर रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण की ऑनलाईन बुकिंग फुल चल रही है। वहीं शहर के छोटे बडे सभी होटल्स और रिसोर्ट्स में भी पूरी बुकिंग हो चुकी है।

..................

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर जयपुर की एक निजी कंपनी के निदेशकों, गारंटर और अन्य लोगों सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ 48 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। ये कंपनी बिजली ट्रांसफार्मर का निर्माण और मरम्मत कार्य करती है। कंपनी ने कथित तौर पर झूठे दस्तावेज़ जमा करके नकद क्रेडिट सीमा का लाभ उठाया। सीबीआई ने जयपुर में आरोपियों के कारखाने, कार्यालय और आवासीय परिसरों सहित लगभग पांच स्थानों पर तलाशी ली।

..................

बारां जिले के प्रगतिशील युवा किसान नरेंद्र हाड़ा खेती में नवाचार कर रहे हैं। उन्होंने अपने खेत में अमेरिका के मैक्सिको में पैदा होने वाली विदेशी फसल चिया और किनोवा की बुवाई की है। ये मेक्सिको का ड्राई फ्रूट है और कई प्रकार की बीमारियों में भी काम आता है।

..................